बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

**<u>भ्रष्टाचार के विरुद्ध बीईएमएल का प्रदर्शन</u>**

बीईएमएल ने भ्रष्टाचार की बुराइयों पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए बीईएल और एचएएल के साथ मिलकर आज कांटीर्वा स्टेडियम में 'विजिथॉन' शीर्षक संयुक्त वाकथॉन कार्यक्रम आयोजित किया, जो कांटीर्वा स्टेडियम से प्रारम्भ होकर कब्बन पार्क के चारों ओर के 3 किमी दूरी के पैदल जाने का रहा।

'विजिथॉन' का उद्घाटन करते हुए श्री डी के होता, सीएमडी, बीईएमएल ने कहा, "हमारे देश की अर्थव्यवस्था के बेहतर विकास के लिए भ्रष्टाचार की बुराई और इसके उन्मूलन पर आम जनता के साथ अपने कर्मीदल के बीच में भी जागरूकता लाने के लिए बीईएमएल, बीईएल और एचएएल सहित रक्षा उपक्रम प्रतिबद्ध हैं।" इस के अलावा, श्री होता ने बेहतर जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक के द्वारा 'गो ग्रीन' अवधारणा को अपनाने की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया है।




*विजिथॉन मोर्चे का अनावरण करते हुए श्री डीके होता, सीएमडी, बीईएमएल*



*विजिथॉन मोर्चे का एक दृश्य*

श्री डी के होता, सीएमडी, बीईएमएल के नेतृत्व में सम्पन्न इस विजिथॉन कार्यक्रम में बीईएमएल, बीईएल और एचएएल के सैकड़ों कर्मचारियों एवं कार्यपालकों ने भाग लिया है ।

रक्षा मंत्रालय के अधीन मिनि रत्न-1 कंपनी बीईएमएल लिमटेड में केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार 30 अक्तूबर से 4 नवंबर 2017 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया गया था। कंपनी के मुख्यालय और बेंगलूर, केजीएफ़, मैसूर और पालक्काड स्थित इसके कॉम्प्लेक्सों में भी सतर्कता साप्ताहिक सप्ताह के अवसर पर शपथ लेना, भाषण सत्र और वाकथॉन जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

बेंगलूर
05.11.2017

**बीईएमएल लिमिटेड का रिलीस**